## दिनांक 18 मई, 2026 को अधिशाषी अभियन्ता, जलनिगम (ग्रामीण) द्वारा सम्पादित कार्यो की समीक्षा बैठक की कार्यवृत्त

दिनांक 18 ~~अप्रैल~~ मई, 2026 को पूर्वान्ह 11.00 बजे अधिशाषी अभियन्ता, जलनिगम (ग्रामीण) द्वारा सम्पादित विभिन्न कार्यो की समीक्षा अधोहस्ताक्षरी द्वारा की गयी। समीक्षा के दौरान निम्नलिखित निर्देश दिये गये:–

1– समीक्षा के दौरान मेघा कम्पनी के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि आगामी बैठक तक कुल 50 परियोजना को संचालन एवं अनुरक्षण में ले जाने के लक्ष्य के सापेक्ष 37 को संचालन एवं अनुरक्षण में ले गये है। वी0एस0ए0 कम्पनी प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि आगामी बैठक तक कुल 10 परियोजना को संचालन एवं अनुरक्षण में ले जाने का लक्ष्य के सापेक्ष 01 परियोजना संचालन एवं अनुरक्षण में ले जा पाये है। इसी प्रकार जैक्सन कम्पनी प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि आगामी बैठक तक कुल 05 परियोजना को संचालन एवं अनुरक्षण में ले जाने के लक्ष्य के सापेक्ष 01 परियोजना संचालन एवं अनुरक्षण में ले जा पाये है। निर्देशित किया गया कि दिये गये लक्ष्य की शतप्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित की जाय तथा टूटे हुए रोड की मरम्मत एवं नियमित जलापूर्ति पर विशेष ध्यान दिया जाय। किसी प्रकार की शिकायत का त्वरित निस्तारण किया जाय।

2– निर्देशित किया गया कि भूमि विवाद से सम्बन्धित प्रकरणों के सम्बन्ध में सम्बन्धित तहसील से सम्पर्क स्थापित करते हुए तत्काल निस्तारित कराया जाय।

3– निर्देशित किया गया कि चोरी की घटना की तत्काल सम्बन्धित थाने में एफ0आई0आर0 दर्ज कराया जाय तथा इसकी सूचना अधिशाषी अभिन्ता, जलनिगम(ग्रामीण) को भी उपलब्ध कराया जाय।

Digitally signed by
SARTHAK AGRAWAL
Date: 22-05-2026
21:41:30

(सार्थक अग्रवाल)
मुख्य विकास अधिकारी,
बस्ती।

## कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी, बस्ती।

पत्रांक 648/एस0टी0–सी/2026–27 दिनांक 22 मई, 2026

प्रतिलिपि:– अधिशाषी अभियन्ता, जलनिगम (ग्रामीण) बस्ती को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

मुख्य विकास अधिकारी,
बस्ती।